बी.ई.एस.सी.–132

# कला स्नातक

# (बी.ए.जी.)

# नियतकार्य

जुलाई 2023 और जनवरी 2024 सत्रों में नामांकित विद्यार्थियों के लिए

पाठ्यक्रम कोड : बी.ई.एस.सी.–132

## शिक्षा की संरचना एवं प्रबन्धन

शिक्षा विद्यापीठ
इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110068

प्रिय विद्यार्थी,

जैसा कि हमने कार्यक्रम संदर्भित में आप को अवगत कराया था कि इग्नू में मूल्यांकन दो भागों में होता हैः

i) नियतकार्यों के माध्यम से सतत् मूल्यांकन, और ii) सत्रान्त परीक्षा। अंतिम परिणाम में, पाठ्यक्रम के नियतकार्यों के लिए 30 प्रतिशत अधिभार दिया जाता है जबकि सत्रान्त परीक्षा के लिए 70 प्रतिशत अधिभार दिया जाता है।

आपको छः क्रेडिट पाठ्यक्रम (क्रेडिट कोर्स) के लिए तीन अनुशिक्षक अंकित नियतकार्य (टी.एम.ए.) और चार क्रेडिट पाठ्यक्रम के लिए दो टी.एम.ए. करने होंगे। इस नियतकार्य पुस्तिका में मूल पाठ्यक्रम (कोर कोर्स) **बी.ई.एस.सी.–132 शिक्षा की संरचना एवं प्रबन्धन** के लिए टी.एम.ए. है जो कि छः क्रेडिट पाठ्यक्रम है। अतः पुस्तिका में तीन टी.एम.ए. हैं जिसके कुल अंक 100 हैं और 30 प्रतिशत का अधिभार दिया गया है।

**नियतकार्य 'अ'** में वर्णनात्मक कोटि के प्रश्न (डी.सी.क्यू.) हैं। इनका मतलब परिचय और निष्कर्ष सहित निबन्धात्मक प्रकार के उत्तर लिखना है। इन्हें शीर्षक के बारे में व्यवस्थित, बिन्दुवार और सुसंगत रूप में आपकी समझ/ज्ञान का वर्णन करने के लिए और आपकी योग्यता की परख करने के लिए दिया गया है।

**नियतकार्य 'ब'** में मध्यम कोटि के प्रश्न (एम.सी.क्यू.) हैं। इन प्रश्नों में सर्वप्रथम तर्क और व्याख्या के अनुसार शीर्षक का विश्लेषण करना और तब संक्षिप्त रूप में उत्तर लिखना होता

है। उनका मतलब सम्प्रत्ययों और प्रक्रियाओं में अन्तर स्पष्ट करने, तुलना करने अथवा स्पष्ट समझ की आपकी योग्यता की परख करने से है।

**नियतकार्य 'स'** में लघु कोटि के प्रश्न (एस.सी.क्यू.) हैं। इन प्रश्नों को मतलब है व्यक्तियों, लेखों और घटनाओं के बारे में आपके संक्षिप्त प्रत्यास्मरण कौशल को सुधारना अथवा सम्प्रत्ययों और प्रक्रियाओं की स्पष्ट समझ रखना है।

नियतकार्यों को शुरू करने से पहले कृपया कार्यक्रम संदर्भित में दिए गए निर्देशों को ध्यान से पढ़िये। आपके उत्तर विशेष अनुभाग के लिए लगभग निर्धारित शब्द सीमा के अन्र्तगत होने चाहिए। याद रखिये, नियतकार्यों के प्रश्नोत्तर लिखना आपके लेखन कौशल को सुधारेगा और आपको सत्रान्त परीक्षा के लिए तैयार करेगा।

जैसा कि कार्यक्रम संदर्शिका में उल्लिखित किया गया है, सत्रान्त परीक्षा में उपस्थित होने के लिए आपको सभी नियतकार्यों को निर्धारित समय के अन्दर जमा करना आवश्यक है।

## पूर्ण नियतकार्यों को जमा करना

| प्रवेश सत्र | जमा कराने की अंतिम तिथि | जमा करने का स्थान |
|---|---|---|
| जुलाई 2023 में नामांकित विद्यार्थियों के लिए | **30 अप्रैल 2024** | संयोजक, विद्यार्थी अध्ययन केन्द्र |
| जनवरी 2024 में नामांकित विद्यार्थियों के लिए | **31 अक्टूबर 2024** | |

आपको अध्ययन केन्द्र से नियतकार्य जमा कराने की रसीद अवश्य प्राप्त करनी चाहिए और इसे संभालकर रखना चाहिए। यदि सम्भव हो तो नियतकार्यों की छायाप्रति भी अपने पास रखनी चाहिए। मूल्यांकन करने के बाद अध्ययन केन्द्र को नियतकार्यों को आपको वापस करना होगा। कृपया इस पर ध्यान दीजिए। अध्ययन केन्द्र को अंकों को विद्यार्थी मूल्यांकन प्रभाग, इग्नू, नई दिल्ली को भेजना होता है।

हम आप से अपेक्षा करते हैं कि आप प्रत्येक प्रश्न का उत्तर नियतकार्य में उल्लिखित प्रत्येक वर्ग के दिशा–निर्देशों के अनुसार दें। निम्नलिखित बिन्दुओं को ध्यान में रखना आपके लिए लाभदायक होगाः

1.) **नियोजन** : नियतकार्यों को ध्यान से पढ़िये। उन इकाईयों का अध्ययन कीजिए जिन पर नियतकार्य आधारित हैं। प्रत्येक प्रश्न से सम्बन्धित कुछ बिन्दु तैयार कीजिए और तब उन्हें तार्किक क्रम में पुनर्व्यवस्थित कीजिए।

2.) **संगठन** : अपने उत्तर की एक मोटी रूपरेखा तैयार करने से पूर्व थोड़ा चयनात्मक और विश्लेषणात्मक होइये। अपने परिचय और निष्कर्ष के लिए पर्याप्त ध्यान दीजिए। सुनिश्चित कीजिए कि आपका उत्तर :

अ) तार्किक और सुसंगत है;

ब) वाक्यों और अनुच्छेदों के मध्य स्पष्ट संयोजन हो और

स) आपकी अभिव्यक्ति, शैली और प्रस्तुतीकरण पर पर्याप्त ध्यान देते हुए ठीक तरह से लिखा गया है।

3.) **प्रस्तुतीकरण** : एक बार यदि आप अपने उत्तर से सन्तुष्ट हो गये तो आप प्रत्येक उत्तर को स्वच्छता से लिखते हुए और आप जिन बिन्दुओं पर बल देना चाहते हैं उन्हें रेखांकित करने हुए जमा करने के लिए अंतिम विवरण को लिख सकते हैं। यह सुनिश्चित कीजिए कि उत्तर निर्धारित शब्द सीमा के अन्तर्गत है।

आप के लिए शुभकानायें!

शिक्षा विद्यापीठ

इग्नू, नई दिल्ली।

# बी.ई.एस.सी.–132 : शिक्षा की संरचना एवं प्रबन्धन

## अनुशिक्षक अंकित नियतकार्य

पाठ्यक्रम कोड : बी.ई.एस.सी.–132

नियतकार्य कोड : बी.ई.एस.सी.–132 / टी.एम.ए. / जुलाई 2023 एवं जनवरी 2024

कुल अंक : 100

नियतकार्य प्रश्न तीन अनुभागों के अन्तर्गत दिए गए हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

### नियतकार्य 'अ'

निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्नों के उत्तर लगभग 500 शब्दों में दीजिए। **2 x 20 = 40**

1. भारत के संविधान के अन्तर्गत कौन से विविध शैक्षिक प्रावधान शामिल किये गये हैं ? भारतीय संविधान के 86 वें संशोधन की व्याख्या कीजिए।
2. उच्च शिक्षा से आप क्या समझते हैं ? भारत में महाविद्यालय और विश्वविद्यालय शिक्षा की संरचना की व्याख्या कीजिए।

### नियतकार्य 'ब'

निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 250 शब्दों में दीजिए। **4 x 12 = 48**

3. आई.सी.टी. 2012 के लिए राष्ट्रीय नीति क्या है ?
4. व्यावसायिक शिक्षा प्रदान करने में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आई.टी.आई.) की भूमिका का समीक्षात्मक परीक्षण कीजिए।

5. समान विद्यालय व्यवस्था (कॉमन स्कूल सिस्टम) और सामान्य प्रतिवेश विद्यालय/पड़ोस के विद्यालय (नेबरहुड स्कूल) की व्याख्या कीजिए।

6. उच्च शिक्षा में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय आकलन एवं प्रत्यायन परिषद् (एन.ए.ए.सी.) की भूमिका की परिचर्चा कीजिए।

## नियतकार्य 'स'

निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 125 शब्दों में दीजिए। **02 x 06 = 12**

7. राज्य शैक्षिक अनुसन्धान एवं प्रशिक्षण परिषद् (एस.सी.ई.आर.टी.) के प्रकार्यों की परिचर्चा कीजिए।

8. विद्यालय शिक्षा में संसाधन नियोजन में आई.सी.टी. की क्या भूमिका है ? परिचर्चा कीजिए।